## खबर संक्षेप

### दिव्यांग बेटी द्रोपति धुर्वे ने रचा इतिहास,



**मण्डला** -गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश तेकाम ने आज जिला पंचायत क्षेत्र भीमडोंगरी (करौंदा टोला) निवासी वीरवल धुर्वे के निवास पर पहुंचकर उनकी सुपुत्री द्रोपति धुर्वे का सम्मान किया। द्रोपति धुर्वे ने अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए, दोनों हाथों से दिव्यांग होने के बावजूद पैरों के सहारे 12वीं कक्षा में 65% अंक प्राप्त किए हैं। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले और मध्य प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है।
इस प्रेरणादायक सफलता पर कमलेश तेकाम ने द्रोपति को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने परिवार से चर्चा करते हुए द्रोपति की आगे की पढ़ाई के लिए कॉलेज का सम्पूर्ण खर्च स्वयं वहन करने का आश्वासन भी दिया। द्रोपति द्वारा आगे पढ़ाई जारी रखने की इच्छा व्यक्त करने पर उसके चेहरे पर झलकती खुशी ने वहां उपस्थित सभी लोगों को भावुक कर दिया। यह अवसर केवल सम्मान का नहीं, बल्कि समाज के लिए एक मजबूत संदेश भी है कि विपरीत परिस्थितियों में भी हौसले और मेहनत के बल पर हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### कर्मयोगी कर्तव्य कार्यक्रम के क्रियान्वयन पर 24 अप्रैल को वीसी आयोजित

मंडला-प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल द्वारा "कर्मयोगी कर्तव्य कार्यक्रम" के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में 24 अप्रैल को दोपहर 3 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। केंद्र सरकार द्वारा लोक सेवाओं में लोक केंद्रित प्रशासन को बढ़ावा देने तथा सेवाभाव की संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर कर्मयोगी कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के लोकसेवकों के प्रशिक्षण के लिए "कर्मयोगी कर्तव्य कार्यक्रम" लागू किया जा रहा है, जिसमें आईजीओटी पोर्टल के माध्यम से डिजिटल लर्निंग एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण "ब्लेंडेड मोड" में होगा, जिसमें ऑनलाइन और कक्षा आधारित गतिविधियों का समावेश रहेगा। सभी प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों का आईजीओटी पोर्टल पर पंजीकरण एवं सक्रिय भागीदारी अनिवार्य की गई है। उक्त वीसी बैठक में सभी संबंधित नोडल अधिकारियों के साथ-साथ अतिरिक्त विकास आयुक्त, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। बैठक में कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं रणनीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। वीसी में शामिल होने के लिए लिंक भी साझा किया गया है। अधिकारियों से समय पर जुड़कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त करने का अनुरोध किया गया है।

### कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघ शावक की मृत्यु



**मंडला**-कान्हा टाइगर रिजर्व के अंतर्गत सरही वन परिक्षेत्र में एक नर बाघ शावक की मृत्यु का मामला सामने आया है। यह घटना 21 अप्रैल को बड़े अमाही नाला, बीट सरहीनाका, कक्ष क्रमांक 668(69) क्षेत्र में प्रकाश में आई। घटना की जानकारी मिलते ही एनटीसीए (नई दिल्ली) एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार तत्काल कार्रवाई करते हुए क्षेत्र को सुरक्षित किया गया। डॉग स्क्वॉड की मदद से घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र की गहन जांच की गई। मौके पर एक मादा बाघ अपने अन्य शावकों के साथ भी देखी गई। मृत शावक के शव परीक्षण के लिए विशेषज्ञ टीम को बुलाया गया, जिसमें जबलपुर से वन्यजीव फॉरेंसिक विशेषज्ञ डॉ. सोमेश सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील गोयल (मोतिनाला) एवं डॉ. विशाल उइके (बिछिया) शामिल रहे। टीम द्वारा किए गए परीक्षण में शावक के सभी अंग सुरक्षित पाए गए हैं। प्रारंभिक जांच में शावक की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से होना प्रतीत हो रहा है। निर्धारित एसओपी के तहत समस्त प्रक्रिया का पालन करते हुए शव दाह की कार्रवाई की गई। इस दौरान वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। पूरे घटनाक्रम की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी भी कराई गई है।

# निवास में मुख्यमंत्री सामूहिक आयोजन संपन्न








**प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का आयोजन निवास के राजा शंकरशाह कुँवर रघुनाथ शाह स्टेडियम मे संपन्न हुआ, जिसमें निवास जनपद,बिजाडांडी, नारायणगंज एवं निवास नगर परिषद के दो सौ वर बधुओं ने वैदिक और गोंडी विधि से अपने जीवन साथी का वरण किया।**

मण्डला

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडला सांसद फग्गनसिंह विशिष्ठ अतिथि निवास कांग्रेस विधायक ने वर बधु को शुभाशीर्वाद देकर नव जोड़ों के भावी जीवन की मंगल कामना की।

अतिथियों ने नवजोड़ो को विवाह पश्चात शासन से मिलने वाली राशि का चेक भी प्रदान किया।

/कलेक्टर ने लिया आयोजन स्थल का जायजा/ प्रशासनिक विवाह आयोजन में जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति के पूर्व मंडला कलेक्टर निवास में आयोजित सामूहिक विवाह स्थल का जायजा लेने पहुँचे और व्यवस्था आदि पर अधिकारियों से जरूरी संवाद कर कुछ ही समय बाद रवाना हो गये।

/भुमका व पंडित ने कराये फेरे/ निवास मुख्यालय में यह पहला अवसर है जब शासन स्तर पर आदिवासी समाज व हिन्दु समाज के नव जोड़ों का विवाह संपन्न कराने एक ओर आदिवासी संस्कार कराने वाले भुमका बैठे तो वहीं दूसरी ओर हिन्दु संस्कृति के मंत्रोच्चार से विवाह करवाने पंडित गण उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी अपनी संस्कृति के अनुरूप नव जोड़ों को वैवाहिक जीवन डोर में बांधा, इस दौरान कुछ अप्रत्याशित माहौल बना लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों व नेताओं की समझाईश से कार्यक्रम आगे बढ़ पाया।

/जनपद उपाध्यक्ष से दूसरे उपाध्यक्ष नाराज/ कार्यक्रम के बाद भोजन करने जनपद सभा हाल पहुँचे नारायणगंज जनपद उपाध्यक्ष ने निवास जप. उपाध्यक्ष पर आरोप लगाते हुये कहा की सूर्यवंशी ने मुझे दरवाजे के बाहर यह कहकर भोजन करने से मना कर दिया की यहां बड़े अधिकारियों व नेताओं की व्यवस्था है, जिससे नारायणगंज जनपद उपाध्यक्ष काफी नाराज हो गये और अन्य साथी नेताओं के समक्ष कहा की मुझे निवास जप उपाध्यक्ष सूर्यवंशी ने खाने के कक्ष में जाने से रोका।वहीं निवास जनपद के अधिकारियों ने कहा की हमारे द्वारा वाहन को सामने खड़े करने से रोका गया है न की भोजन करने से।

/कम जोड़ों का लक्ष्य पंचायत प्रतिनिधियों की बनी परेशानी/

तीन जनपद और एक नगर परिषद को कुल 200 सौ जोड़ों के टारगेट से इस बार सरपंच सचिवों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, एक ओर जहाँ एक पंचायत से एक जोड़ा भी मिले आंकड़े में फिट नहीं हो पाया तो वहीं कुछ जनपद क्षेत्र की पंचायतों से तेरह जोड़ों को आसानी से जगह मिल गई, ऐसे में निवास जनपद की पांच पंचायतों के लगभग पंद्रह गांवों से एक भी जोड़ों का न मिल पाना योजना के क्रियान्वयन में जिम्मेदारों की लापरवाही को दर्शाता है, जिसके चलते संबंधित पंचायतों के प्रतिनिधि काफी निराश देखे व सुने गये।

/ प्रशासनिक व्यवस्था रही चौकस और पुलिस रही मुस्तेद/ उक्त सामूहिक विवाह आयोजन को लेकर सभी जनपदों के अधिकारियों व प्रतिनिधियों द्वारा विवाह आयोजन को सफल बनाने कई मीटिंग व बैठकें हुईं, जिसका परिणाम रहा की सामूहिक विवाह आयोजन व कार्यक्रम में उपस्थित वर बधु व उनके परिजनों को जरूरी इंतजाम में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं दिखी, एसडीओ पी बालरे थाना इंचार्ज गोपाल घासले अपने दल बल के साथ कार्यक्रम स्थल में तैनात रहे जिससे शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम पूर्ण हो सका।

# कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा, सिकल सेल जांच व वैक्सीनेशन के दिए निर्देश



मंडला

\मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत निवास में आयोजित होने वाले वैवाहिक कार्यक्रम की तैयारियां का कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आयोजन में आने वाले हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

कलेक्टर श्री धोटे ने कार्यक्रम स्थल पर बनाए गए विभिन्न काउंटरों का भ्रमण किया। उन्होंने आवेदनों की स्थिति और जोड़ों के सत्यापन की प्रक्रिया की जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टालों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवाइयों और आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्थाओं को देखा।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री धोटे ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस बड़े आयोजन का लाभ जन-जागरूकता के लिए भी उठाया जाए। उन्होंने कहा

वैवाहिक कार्यक्रम में आने वाले नागरिकों और युवाओं के बीच सिकल सेल एनीमिया की जांच और एचपीवी वैक्सीन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। लोगों को इन बीमारियों के प्रति जागरूक करना और टीकाकरण के महत्व को समझाना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए।

कलेक्टर श्री धोटे ने पंडाल व्यवस्था, पेयजल, भोजन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम निवास श्री सीएल वर्मा सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



# सकोरों से परिंदों को राहत बच्चों को प्रकृति से जोड़ने का संदेश

मंडला

विश्व वसुंधरा दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों की जीवन रक्षा के लिए मिट्टी के पात्र (सकोरे) में पानी भरकर रखने की पहल की। इस अवसर पर विद्यालयी छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए परिसर के विभिन्न स्थानों पर पानी के पात्र रखे और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस मौके पर कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि मंडला जिला अपनी प्राकृतिक सुंदरता और अनुकूल वातावरण के लिए जाना जाता है, जो पशु-पक्षियों के लिए एक आदर्श आश्रय स्थल है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास बेहद जरूरी हैं। छोटे-छोटे व्यक्तिगत प्रयास जैसे पक्षियों के लिए पानी रखना या जल संरक्षण भविष्य में बड़े सकारात्मक परिणाम देते हैं, और इसकी शुरुआत घर से ही होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे प्राकृतिक एवं जैविक खेती का अध्ययन कर इसे सरल भाषा में बच्चों तक पहुँचाएँ। साथ ही स्कूलों में 'जैविक पोषण वाटिका' स्थापित करने का सुझाव दिया, ताकि विद्यार्थी व्यावहारिक रूप से जैविक खेती सीख सकें।

जल संरक्षण पर जोर देते हुए कलेक्टर श्री धोटे ने विद्यार्थियों से पानी की एक-एक बूंद के सदुपयोग की अपील की और उन्हें नियमित योग अपनाने तथा समाज को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। पर्यावरण के प्रति जागरूकता दिखाने वाली छात्राओं को कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में एपीसी श्री मुकेश पांडे, प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव, श्री तारेंद्र पांडे, श्री राजेश क्षत्री (पर्यावरणविद), जिला प्रभारी श्री अखिलेश उपाध्याय, शिक्षकगण तथा विभिन्न विद्यालयों शासकीय हाई स्कूल बिंझिया, सरस्वती शिशु मंदिर, भारत ज्योति विद्यालय और उत्कृष्ट विद्यालय मंडला की छात्राएँ एवं अन्य शासकीय कर्मचारी उपस्थित रहे।



# बाल नाट्य कार्यशाला का समापन आज

मंडला

गुरुवार को मध्य प्रदेश ड्रामा स्कूल एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, पदमी में आयोजित 17 दिवसीय बाल नाट्य कार्यशाला का समापन होगा। विद्यालय प्रांगण में शाम 6 बजे आयोजित समापन समारोह के दौरान कार्यशाला में प्रशिक्षण परैत छात्र - छात्राएं अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगी। इस दौरान बंबुलियां गायन आकर्षण का केंद्र होगा। इसके साथ ही वीरांगना रानी दुर्गावती की महिमा को प्रदर्शित करता कर्मा गायन व नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति होगी। पंचतंत्र की कहानियों से प्रेरित होकर एक नाटक भी प्रस्तुत किया जायेगा। थिएटर इन एजुकेशन की अवधारणा पर आधारित इस कार्यशाला में बच्चों को शिक्षा और जीवन में रंगमंच की महत्ता से अवगत कराया जा रहा है। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को पर्सनालिटी डेवलपमेंट के साथ-साथ रंगमंच के विभिन्न आयामों जैसे लेखन, डिज़ाइन, अभिनय और निर्देशन से व्यावहारिक रूप से जोड़ा जा रहा है, ताकि वे अपनी अभिव्यक्ति को विस्तृत कर सकें और थिएटर को अपने जीवन का एक सशक्त हिस्सा बना सकें। कार्यशाला के दौरान बच्चों को लोकगीत, लोकनृत्य व नाटक का मंचन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।। कार्यशाला का संचालन एवं निर्देशन राकेश कुरेले एवं रोहित सिंह द्वारा किया जा रहा है।

# नेशनल हाईवे 30: बंजारी से सरही पहुंच मार्ग के निर्माण में लापरवाही, गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवाल





भुआ बिछिया/

मंडला-नेशनल हाईवे 30 (NH-30) पर बंजारी से सरही पहुंच मार्ग का निर्माण इन दिनों विवादों के घेरे में है। क्षेत्र के ग्रामीणों और राहगीरों ने निर्माण कार्य में लगी कंपनी पर घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल और तकनीकी लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं।

### प्रमुख बिंदु:

घटिया निर्माण सामग्रीः स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी की जा रही है। उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता इतनी खराब है कि सड़क बनने के साथ ही उखड़ने की आशंका बनी हुई है।

पुल निर्माण में खतराः सड़क के साथ-साथ मार्ग पर बनने वाले छोटे पुलों और पुलियों के निर्माण में भी सुरक्षा मानकों को ताक पर रखा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया निर्माण मजदूरों के द्वारा किया जा रहा जिसमें किसी भी इंजीनियर की उपस्थिति नही रहती है। सिर्फ मजदूरों के भरोसे ऐसे कार्य कराए जा रहे जिससे भविष्य में बड़े हादसे का डर है।

जनता में भारी रोषः बंजारी और सरही क्षेत्र के लोगों का कहना है कि लंबे इंतजार के बाद रोड का काम शुरू हुआ था, लेकिन कंपनी के गैर-जिम्मेदाराना रवैये के कारण सरकारी पैसे की बर्बादी हो रही है।

### प्रशासन से मांगः

क्षेत्रीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है :

### निर्माण कार्य की तत्काल उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

मटेरियल की लैब टेस्टिंग कराई जाए ताकि गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

संबंधित निर्माण एजेंसी पर कड़ी कार्रवाई की जाए और मानक के अनुरूप कार्य पूर्ण कराया जाए।

## खबर संक्षेप

### पैसों की मांग करते हुये दी जान से मारने की धमकी

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस मूल रूप से नगर के पटेल वार्ड निवासी हरिश कुमार पिता किशनचंद मेठवानी द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह वर्तमान में जबलपुर कांचघर के पास रहते है। बीते हुये दिवस किसी काम से जब उनका गाडरवारा आगमन हुआ तो उसी दौरान आर एस फुटवेयर के पास गाडरवारा ही निवासी सतीश रजक मिला जिससे पहले पैसों का लेनदेन था। उन्ही पैसों की बात को लेकर अभद्रता पूर्वक वार्तालाप करते हुये बोला की हमारे पुराने पैसो का हिसाब करो। इस दौरान प्रार्थी द्वारा बोला की आपके और मेरे बीच पैसों का जो लेन देन था उसका हिसाब तो जनवरी 2020 में ही हो चुका है अब कोई लेनदेन बाकी रहा ही नही है। इसी बात को लेकर सतीश रजक गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा झूमा झटकी पर उतारू हो गई। इस दौरान सतीश का लड़का कपिल रजक भी आ गया फिर दोनों ने एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी द्वारा पुलिस थाने में शिकायत किये जाने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### एनटीपीसी गेट नंबर 2 के पास से पार हुई बाइक

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ एनटीपीसी पावर प्लाट प्रबंधन आमजन को सुरक्षा के भले ही लाखों दावे क्यों न करता रहे। मगर वहां पर काम करने वाले लोगों की सामग्री सुरक्षित नही रह पा रही है तो क्षेत्र की सुरक्षा पर कैसे भरोसा किया जा सकता है। बताया जाता है कि बीते हुये दिवस ग्राम रम्पुरा थाना सांईखेड़ा निवासी प्रस्टीज कंपनी में कार्य करने वाले कर्मचारी द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मै और मेरा भाई दीपक शर्मा दोनों एन टी पी सी के पावर कंपनी में काम करते है तथा दोनो भाई प्रति दिन मोटर सायकल क्रमांक एम पी 49 एम एच 5145 से आना जाना करते है। इसी प्रकार से बीते हुये दिवस भी हम लोग मोटर साईकिल से गये हुये थें। रोज की तरह हम लोगो ने मोटर सायकल को एन टी पी सी गेट नंबर 02 के सामने जहाँ सभी कामगारो की मोटर सायकल खड़ी रहती है वहाँ खड़ी कर अपने काम पर चले गये थे शाम जब डियूटी समाप्त होने के बाद बाहर आकर देखा तो मोटर सायकल जहाँ खड़ी किये थे वहाँ नही मिली। इस तरह किसी अज्ञात चोर द्वारा प्रार्थी की मोटर साईकिल को चोरी किये जाने के चलते पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### कथा वाचक स्वामी इंद्रदेव महाराज के नगर आगमन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** अंतराष्ट्रीय कथा वाचक महामंडलेश्वर स्वामी इंद्रदेव महाराज का 25 अप्रैल को आगमन होने की खबर से जहां लोगों में उत्साह देखने मिल रहा है। वही दूसरी ओर उनके आगमन व भव्य स्वागत की तैयारियों को लेकर बीते हुये दिवस नगर के नूपुर कान्वेंट स्कूल में बैठक आयोजित की गई। बताया जाता है कि नगर आगमन के दौरान स्वामी इंद्रदेव महाराज भक्तो से संवाद करते हुए आगामी दिनों में होने वाली शिव महापुराण कथा के विषय मे चर्चा करेंगे एवं शिष्यों से भी मुलाक़ात करेंते हुये आर्शीवाद प्रदान करेगे। उनके आगमन को लेकर आयोजित हुई बैठक में सुरेन्द्र नामदेव एवं जितेंद्र नामदेव ने महाराज के आगमन एवं उस दौरान होने वाले आयोजन से जुडी जानकारी देते हुए सभी से सहयोग की अपेक्षा जताने के साथ साथ आवश्यक सुझाव लिए। इस अवसर पर राजेंद्र नामदेव, राजेंद्र बघेल, दिनेश नामदेव, राजेंद्र तिनगुरिया, ओंकार सेन, प्रकाश बघेल, नर्मदा चरण पटेल, बलराम नामदेव, आशीष भार्गव, प्रीती भार्गव, दमयंती कोरी, रीना कोरी, मधुसूदन पटेल, दीप तिवारी, सुनील शर्मा, योगेश वर्मा, आशीष सोनी, सर्वेश सोनी, रविश मेहरा कमलेश मिश्रा, कमलेश प्रजापति, सिद्धार्थ नामदेव, राजेश कीर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कहीं चोरी तो नहीं हो गई कुछ साल पहले बनी ग्राम चोर बरहटा से मेहराखेड़ा के बीच की प्रधानमंत्री सड़क ..., मौके पर लगे हुये बोर्ड को छोड़कर सड़क को खोजना हुआ मुश्किल...?









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

केन्द्र सरकार से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीणों को सुविधा पहुंचाने के साथ साथ युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने की सोच रखते हुये गांव गांव प्रधानमंत्री या फिर मुख्य मंत्री सड़क योजना के तहत पक्की सड़को का निर्माण कराने के लिये हर वर्ष करोड़ो रूपया खर्च किये जाते है। मगर इन सड़को का निर्माण कराने वाले जिम्मेदारों की मिली भगत का परिणाम इस तरह से देखने मिलता है कि सरकारी धन की होली खेलते हुये इन सड़को का निर्माण इस गुणवत्ता के साथ किया जाता है कि वह चंद दिनों के अंदर ही अपनी गुणवत्ता की कहानी उजागर करने से नही चूकती है या फिर ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सिर्फ कागजों पर ही तैयार होकर रहे जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चीचली ब्लाक के ग्राम चोर बरहटा से ग्राम मेहराखेड़ा के बीच कुछ वर्ष पहले बनी हुई प्रधानमंत्री सड़क को देखते हुये जान पड़ रहा है। बताया जाता है कि शासन द्वारा पहुंच बिहीन माने जाने वाले इन ग्रामों में निवास करने वाले लोगों को शहर से जोड़ने की सोच रखते हुये प्रधान मंत्री सड़क योजना के 20.35 लाख रूपया स्वीकृत करते हुये इन दोनों गांवों के बीच प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत पक्की सड़क का निर्माण होना था। वही जब बीते हुये दिवस हमारी टीम द्वारा मौके पर जाकर देखा गया तो पक्की सड़क का नामोनिशान ही नजर नही आ रहा था। यह बात जरूर है कि निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा सड़क निर्माण के नाम पर स्थापित किया गया वोर्ड जरूर झाड़ियो के बीच अपनी बदहाली पर आंसू बहाने के लिये मजबूर होते हुये दिखाई पड़ रहा था। मौके पर लगे हुये वोर्ड के अनुसार इस सड़क का निर्माण कार्य 29 सितम्बर 2012 से शुरू हुआ है तथा निर्माण कार्य पूर्ण होने की तिथि 28 जून 2013 दर्ज देखी जा रही है। वही निर्माण कार्य करने वाली कंपनी श्रीकृष्ण कंस्ट्रक्सन कंपनी शिवपुरी व जिस संस्था के मार्ग दर्शन में कार्य पूर्ण होना था वह महाप्रबंधक (म.प्र. ग्रा.स.वि. प्रा.) दर्ज दिखाई पड़ रहा है। इस तरह बीस लाख से भी अधिक की राशि से बनने वाली इस प्रधानमंत्री सड़क को लेकर मौके पर लगे हुये वोर्ड की सच्चाई पर गौर किया जावे तो 28 जून 2013 निमार्ण कार्य हो चुका है? मगर मौके पर वोर्ड के आलवा सड़क नजर ही नही आ रही है सिर्फ निर्माण कार्य के नाम पर पत्थर जरूर दिखाई पड़ रहे है जिससे लोग यह बात कहने से नही चूक रहे है कि कही ऐसा तो नही की सड़क चोरी हो गई हो..? मान लिया जावे के निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा आज से लगभग 10-11 वर्ष पहले यानि की वर्ष2013 में इस प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया गया था तो फिर यह सबाल पैदा होने से नही चूक पायेगा कि आखिरकार किस गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य किया गया होगा जिसके चलते चंद वर्ष के अंदर ही सड़क का मौके से नामोनिशान ही गायब हो गया है। जबकि नियम के अनुसार प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत निर्माण कार्य करने वाली कंपनी का निर्माण की गई सड़क पर पांच वर्ष तक की गारंटी होती है और यदि कोई टूट फूट होती है तो उसको सुधार कार्य करते हुये उसे सुरक्षित रखा जाता है। इस तरह मौके पर लगे हुये वोर्ड के हिसाब से चार वर्ष तक तो निर्माण कार्य करने वाली कंपनी कोो सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी थी जिसके चलते वर्ष 2018 तक इस सड़क को किसी भी प्रकार से क्षति पहुंच ही नही सकती थी? वही कंपनी की गारंटी से बाहर इस सड़क को मात्र 6-7 साल ही अतिरिक्त हुये है इन 6 सालो के बीच पूरी सड़क ही गायब नजर आने से नही चूक रही है? कही ऐसा तो नही की इस सड़क का निर्माण कार्य सिर्फ कागजों पर ही पूरा हो गया हो ... खैर सच्चाई जो भी हो उसे तो भगवान ही जाने? मगर सड़क निर्माण के नाम पर मौके पर सिर्फ चंद पत्थर ही नजर आ रहे है और वह पत्थर भी क्षेत्र की नदियो से अवैध खनन करने होने की सच्चाई उजागर करते हुये जान पड़ रहे है? क्योंकि किसी भी प्रधानमंत्री सड़क निर्माण में गोल पत्थरों के माध्यम से निर्माण कार्य नही होता है जिसके चलते सड़क पर पड़े हुये पत्थरों से यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि यह पत्थर शायद ग्रामीणों द्वारा अपनी सुविधा के लिये आसपास के नदियों से उठाकर डाले गये होगे? इस प्रकार से ग्राम चोर बरहटा से ग्राम मेहराखेड़ा के बीच लगभग 11 वर्ष पहले निर्मित हुई 20 लाख से भी अधिक कीमत की सड़क की यदि निष्ठा के साथ जांच होती है तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी? इस संबंध में क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि इस सड़क का निर्माण हो जाता तो निश्चित तौर से हम लोगों को काफी सुविधाये मिलने लगती। क्योंकि रात के समय हम लोगों को खेतों में आने जाने या फिर जरूरत पड़ने पर डोगरगांव पुलिस थाना जाना पड़ता है तो इसी सड़क से आना जाना करते है। मगर आज भी हमे कच्ची सड़क से अपनी जिन्दगी दांव पर लगाकर निकलने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है।

## ससुर के अंतिम संस्कार में शामिल होने गये युवक घर में चोरों ने लगाई सेंध

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

चोरी की घटना को अंजाम देने वाले तो सिर्फ अवसर पर नजर रखते है। उन लोगों को इस बात से कोई लेना देना नही रहता है कि जो व्यक्ति अपने घर में ताला लगाकर घर से बाहर गया है तो उसकी जाने की मजबूरी क्या रही होगी और किस परेशानी में होगा। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा के शांति नगर वार्ड में देखने मिली है। जहां पर प्रार्थी अपने ससुर की मिट्टी में शामिल होने के लिये गया हुआ था और यहां पर चोरो ने सेंध लगाते हुये घर के अंदर रखे हुये खाना बनाने के वर्तन सहित अन्य सामग्री पार कर डाली।



घटना के संबंध में पीड़ित द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिनों मेरे ससुर की एक्सीडेन्ट मे मृत्यु होने की खबर पर मै अपनी पत्नि बच्चो के साथ ससुराल ग्राम कुण्डाले सिलवानी गया था फिर मुझे मोहल्ले मे रहने वाले पडौसियों द्वारा फोन पर बताया कि तुम्हारे घर का ताला खुला हुआ है। जानकारी मिलते ही जब प्रार्थी अपने घर वापिस आकर तो देखा तो घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था और घर का सामान बिखरा पड़ा था। वही घर अंदर से एक गैस टंकी इण्डेन कंपनी की, 02 कुकर 5 लीटर के, 2 एल्यूमिनियम की गंजी तथा लोहे का1 तवा सहित 30 किलो चना जो प्लास्टिक को दो कुप्पो में रखे हुये थें किसी अज्ञात चोर द्वारा पार कर लिये गये। वही घटना को लेकर प्रार्थी द्वारा वही के निवासी पिद्दा नामक व्यक्ति पर संदेह व्यक्त करते हुये उसके खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। घटना को लेकर पुलिस द्वारा मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## सालीचौका रेल्वे स्टेशन पर अव्यवस्थाओ का बोलबाला, अधिकारियों से लेकर जिम्मेदारों द्वारा किया जा रहा नजरअंदाज यात्री होते रहते हैं परेशान

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका ।**




जहां एक ओर रेल विभाग द्वारा अपने यात्रियों को अच्छी सुविधाएं प्रदान करने की बात कही जाती है, वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि सालीचौका रेल्वे स्टेशन पर उचित व्यवस्थाएं नही होने के कारण यात्री परेशान होते रहते है। बताया जाता है कि सालीचौका रेल्वे स्टेशन से क्षेत्र के लगभग 50 से अधिक गांवों के लोग यात्रा करने के लिए पहुंचते है। लेकिन यात्रियों की सुविधाओं के लिए यहॉ पर न तो सुविधा जनक यात्री प्रतिक्षालय है और न ही आरक्षण टिकिट काउंटर तथा पार्सल कार्यालय भी नही है जिस बजह से नगरवासियो तथा आसपास से आये यात्रियों को भारी परेशानियों का समाना करना पड रहा है। वही दूसरी ओर सालीचौका रेल्वे परिसार में एक नल से पेय जल के माध्सम से काम चलाना पड रहा है यहॉ पर देखने के लिए नल के स्तंभ तो खडे है पर उनमें नल का कही अता पता नही रहता है जिसके चलते वह मात्र शोभा की सुपानी बनकर रह गये है? वही यात्रियों के लिए एक ही टिकिट खिडकी से यात्रिओं को आरक्षण तथा साधारण टिकिट लेना पडती है तथा उसी जगह से पार्सल कार्यालय का संचानल होता है जिसके चलते जहां टिकिट लेने में यात्रियों को परेशानी हो रही है। वही आरक्षण टिकिट की व्यवस्था को लेकर भी बताया जाता है कि कभी टिकिट मिलना शुरू हो जाता है तो कभी बंद कर दिया जाता है..? वही दूसरी ओर दूर दराज के ग्रामों से आये यात्रियों को प्रतिक्षालय के अभाव में इधर उधर भटकने को मजबूर होंना पड रहा है। गौर किया जावे तो यहां पर सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है कि यहां पर अनेक जरूरी ट्रेनों के न रूकने के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये अन्य ट्रेन पकड़ने लिए या तो गाडरवारा जाना पड़ता है या फिर पिपरिया जिसके चलते क्षेत्र के लोगों द्वारा रेल प्रबंधन से जनहित में मांग की है कि उक्त समस्याओ को ध्यान में रख कर शीघ्र से शीघ्र निराकरण हो सके कुछ लोगो नाम न छापने की शर्त पर कहना है यहॉ शाम होते ही सुरा प्रेमियो के द्वारा डेरा जमा लिया जाता है जिस बजह से महिलाओं को बहुत ही दिक्कतो का मुह देखना पड़ता है? महिलाये अपने आप को यहॉ असुरक्षित समझती है, इस संबंध में यहां के अनाज व्यवसासियों का कहना है कि ये बात सही है कि यहॉ की रेल्वे स्टेशन पर न तो पूर्ण सुविधा जनक यात्री प्रतिक्षालय है और न ही पेय जल की ठीक तरह व्यवस्था है ग्रामीण अंचल से आये लोगो के लिए यहॉ प्रतिक्षालय का होना अति आवश्यक है और साथ ही प्रतिक्षालय की वजह से महिलाओं को बैठने में असुविधा होती है। वही दूसरी परेशानी तो यह है कि यहॉ भोपाल जाने के लिए कोई ट्रेन भी नही थी मात्र रात्री के समय एक ही ट्रेन नर्मदा एक्सप्रेस थी मगर लगभग एक साल से एक और मिल चुकी है? वही रेल सुविधाओं से बंचित रह रहे सालीचौका क्षेत्रवासियों का कहना है कि यहॉ शाम होते ही रेल्वे स्टेशन पर शराब पीने वालो की संख्या दिनों दिन बढती ही जा रही है जिसके चलते जहां यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वही दूसरी ओर एकल टिकिट खिलड़ी के कारण भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वही प्रकार से जब समीपस्थ कुछ ग्रामों के लोगो से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि जब कभी हम रात्री के समय में जबलपुर से सालीचौका आते है तो यहॉ पर सुविधा जनक यात्री प्रतिक्षालय तक नही है जहां पर कोई यात्री रात के समय रूक सके, क्योंकि बना हुआ यात्री प्रतिक्षालय पूर्ण रूप से असुरक्षित है, इस बजह से हमे रात्री के समय मे ही 12 बजे से 1 बजे के बीच ग्रामों को पैदल जाना होता है जिससे हमे असुरक्षा की स्थिती बनी रहती है।

## राजा हिरदेशाह शौर्य यात्रा की तैयारियों को लेकर सांईखेड़ा पहुंचे जालम सिंह पटैल






**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

देश की स्वतंत्रता से लेकर जिस तरह से लड़ाई हुई व क्रांतिकारियों की गाथाओं से हमारा देश भरा पड़ा है। इसी में शामिल 1842 की बुंदेला क्रांति के महानायक राजा हिरदेशाह लोधी की शौर्य यात्रा की तैयारियों को लेकर साईखेड़ा में बैठक संपन्न हुई। प्रदेश की राजधानी जंबूरी मैदान भोपाल में 28 अप्रैल को आयोजित होने वाली शौर्य यात्रा को लेकर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल की उपस्थिति में दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि आगामी 28 अप्रैल को भोपाल के ऐतिहासिक जंबूरी मैदान में आयोजित होने वाली राजा हिरदेशाह लोधी शौर्य यात्रा और विशाल सभा की तैयारियों को लेकर साईंखेड़ा ब्लॉक में उत्साह का माहौल है। इस भव्य आयोजन की रणनीति तैयार करने हेतु स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री एवं लोधी लोधा लोधी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल उपस्थित रहे। इस दौरान क्रांति के इतिहास से रूबरू होगी नई पीढ़ी। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि सन 1842 की बुंदेला क्रांति के महानायक राजा हिरदेशाह लोधी जी का त्याग और शौर्य भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित होने वाली यह शौर्य यात्रा न केवल उनके बलिदान को नमन करने का माध्यम है, बल्कि आने वाली पीढ़ी को हमारे गौरवशाली इतिहास से परिचित कराने का एक बड़ा मंच भी है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम से अधिक से अधिक संख्या में लोगों को भोपाल पहुँचने का आह्वान किया। इस बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत साईंखेड़ा के अध्यक्ष मान छत्रपाल सिंह राजपूत उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि समाज और सर्व समाज की एकता ही इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाएगी। वहीं, लोधी लोधा महासभा के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने संगठन की ओर से की जा रही तैयारियों का विवरण साझा किया और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियाँ सौंपीं बैठक में सर्वसमाज की सहभागिता बैठक में न केवल लोधी समाज, बल्कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वसमाज के नागरिकों ने हिस्सा लेकर आयोजन को अपना समर्थन दिया कार्यकर्ताओं में उत्साह जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और ग्रामों के सरपंचों ने भोपाल पहुँचने के लिए साधनों और व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। शौर्य का प्रतीक राजा हिरदेशाह लोधी के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक की शुरुआत की गई। इस अवसर पर समस्त जिला पंचायत सदस्यगण, जनपद सदस्य, सरपंचगण, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और भारी संख्या में ग्रामीण एवं नगरवासी उपस्थित रहे।



## किसान सभा द्वारा रोड निर्माण की मांग को लेकर शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

मध्य प्रदेश किसान सभा सदा ही किसानों के हितों की लड़ाई के साथ साथ आम लोगों की समस्याओं को लड़ने में पीछे नही रहती है। इसी प्रकार से मध्य प्रदेश किसान सभा इकाई बारहा बडा के संयोजक दिनेश कुशवाहा द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि गांव के सड़क निर्माण की मांग को लेकर बीते हुये 21अप्रैल मंगलवार से अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है। अपनी मांगों के संबंध में बताया है कि पेट्रोल पम्प बारहा बड़ा रोड सत्यनारायण श्रीवास्तव के मकान से रघुवर कुशवाहा उमर नदी तक एवं कंछेदी कुशवाहा के मकान से प्रकाश होरी वाले तक लगभग 3किलोमीटर कच्ची रास्ता है जो बरसात ही नहीं सूखे समय में खेत का पानी रास्ते में आ जाने से दल दल बना रहता है। यहां पर सड़क का निर्माण नही हो पाने के चलते कुशवाहा मोहल्ला (टोला) बारहा बड़ा के वार्ड क्रमांक 4एवं 5में निवास करने वाले लगभग 50परिवार को दल दल से गुजरना पड़ता है। मुख्य रूप से स्कूल जाने वाले बच्चों, महिला पुरुषों खेती किसानी के आवागवन में परेशानी होती है। उक्त कच्ची रास्ता पर सड़क निर्माण के लिए आजादी के बाद से अभी तक पंचायत शासन प्रशासन को ज्ञापन आवेदन देकर मांग कर चुके पर कोई सुनवाई नहीं हुई है। मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता तय किया गया है जिसे अनिश्चित कालीन धरना का रूप देते हुये आगे क्रमिक भूख हड़ताल, पुतला दहन, चक्का जाम, आमरण अनशन क्यों न करना पड़े सड़क निर्माण होने तक उग्र आंदोलन करने मजबूर होंगे। वही आज 22 अप्रैल राज्य एवं जिले के किसान नेताओं के आने की संभावना जताई जा रही है।

## पलोहा थाना क्षेत्र के गांव गांव चल रहे शराब के अवैध कारोबार का परिणाम, कृषि यंत्रों की चोरी में इजाफा..

**हरिभूमि न्यूज/सडूमर।** इस समय जिस प्रकार से क्षेत्र में चोरी की घटनाएं घटित हो रही है उसके चलते क्षेत्र के लोग लगातार दहशत की स्थिति में तो देखी ही जा रहे है। मगर अब स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि किसानों के खेतों पर रखे हुए कृषि यंत्रों की चोरी की घटनाओं में बढ़ोत्तरी होने के कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है? क्योंकि इस समय पड़ रही भीषण गर्मी चलते किसानों को सिंचाई हेतु मुश्किल से ही बिजली मिल पा रही है जिसके चलते किसान अपने खेतों में लगी हुई गर्मी वे मूंग सहित गन्ने फसल की सिंचाई करने में किसान लगे हुये है। मगर जब देखा जाता है कि किसान अपने खेतों से थोडी देर के लिए जब अलग होता है तो वहां पर रखे हुए कृषि यंत्रों पर अपने हाथ साफ करने वाले कोई मौका नही छोड़ रहे है जिसके चलते क्षेत्र के किसान दहशत में देखे जा रहे है। इस प्रकार से किसानों के कृषि यंत्रों की चोरी की घटनाओं के चलते जहां क्षेत्र के किसानों को आर्थिक क्षति का सामना तो करना ही पड़ रहा है। वही दूसरी ओर उनके कृषि कार्यो में भी काफी व्यवधान पैदा हो रहा है? इस प्रकार की सच्चाई क्षेत्र के अनेक गांवों में देखने मिल रही है जहां पर आये दिन किसानों के खेतों में रखे हुये पाईप व अन्य प्रकार के कृषि यंत्र चोरी हो रहे है। वही दूसरी ओर बताया जाता है कि इस समय जिस प्रकार से पलोहा थाना के अंतर्गत आने वाले अनेक गांवों में धडल्ले से चल रहे जुआ सट्टा सहित शराब व मादक पदार्थो के अवैध कारोबार का परिणाम ही है कि इस प्रकार से चोरी जैसी घटनाएं आम होती जा रही है? क्योकि इस भीषण महंगाई के दौर में जब युवाओं को इस प्रकार से नशे की लत लग जाती है और उसे पूरी करने के लिए युवाओं के पास जब धन का आभाव होता है तो वह इस प्रकार से चोरी जैसे कदम उठाते हुए अपनी लत को पूरी करने से नही चूकते है? इस संबंध में लोगों का कहना है कि यदि गांव गांव बिक रही अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लग जावे तो निश्चित ही इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? वही किसानों के खेतों से लगातार हो रहे कृषियंत्रों की चोरी की शिकायते करने के बाद जब पुलिस संपर्क किया जाता है तो उनके द्वारा कहा जाता है कि चोरों की खोजबीन जारी है, मगर अभी तक कोई पता नही चल पाया है?

# प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से अवैध शराब की बिक्री जारी




डिंडौरी।

आस्था और शांति के लिए पहचाने जाने वाले डिंडौरी जिले में इन दिनों अवैध शराब का कारोबार चिंता का विषय बना हुआ है। मां नर्मदा के तट पर बसे इस क्षेत्र में जहां धार्मिक आस्था का विशेष महत्व है वहीं इसके विपरीत गांव गांव तक अवैध शराब की पहुंच कई सवाल खड़े कर रही है।पूर्व में नर्मदा किनारे पांच किलोमीटर क्षेत्र में शराब प्रतिबंधित रखने की घोषणा की गई थी जिसका उद्देश्य धार्मिक वातावरण की पवित्रता बनाए रखना था लेकिन वर्तमान हालात इस निर्णय के प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रश्नचिह्न लगाते नजर आ रहे हैं।जानकारी के अनुसार जिले में स्वीकृत देशी विदेशी शराब दुकानों के अलावा अवैध रूप से शराब की सप्लाई गांव और कस्बों तक की जा रही है। आरोप है कि कुछ स्थानों पर निर्धारित दरों से अधिक कीमत पर शराब बेची जा रही है जबकि नियमों के अनुसार एमआरपी या निर्धारित मूल्य पर ही विक्रय किया जाना चाहिए।सूत्र बताते हैं कि अवैध शराब की आपूर्ति के लिए दोपहिया और चारपहिया वाहनों का उपयोग किया जा रहा है। बिना नंबर के वाहन तथा बैग के माध्यम से शराब की खेप अलग अलग स्थानों तक पहुंचाई जा रही है। कई गांवों में इस तरह की गतिविधियां देखी जा रही हैं जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष बढ़ रहा है।

हाल ही में समनापुर क्षेत्र से एक वीडियो सामने आया जिसमें कथित रूप से शराब की खेप ले जाते हुए एक युवक को ग्रामीणों ने रोका। ग्रामीणों ने इसकी सूचना संबंधित विभाग तक पहुंचाने का प्रयास किया लेकिन तत्काल संपर्क नहीं हो सका।जिले में विभिन्न स्तर पर निगरानी व्यवस्था और जांच अभियान संचालित होने के बावजूद अवैध शराब की आवाजाही को लेकर चर्चा बनी हुई है। इस पूरे मामले में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि संबंधित विभागों द्वारा भविष्य में किस प्रकार की प्रभावी कार्रवाई की जाती है ताकि अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

# शौर्य यात्रा प्रचार प्रसार में रामगढ़ पहुंचे नरवर शाह के वंशज





अमरपुर।

**लोधीए गौड़ए राजगौड़ के संयुक्त तत्वाधान में राजा हिरदेशाह लोधी शहीद दिवस 28 अप्रैल को भोपाल के जम्बूरी मैदान में राष्ट्रीय स्तर पर गौरव यात्रा का आयोजन किया गया हैं।**

जिसके प्रचार प्रसार करते हुए राजा नरवर शाह राजगौड़ जो 1842 एवं 1857 के क्रांतिकारी के वंशज रामकुमार ठाकुर उनके साथ अखिल राजगौड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलकरण राज ठाकुरए महासभा के प्रदेश महासचिव संदीप कुमार ठाकुर एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नेक नारायण सिंह ठाकुर रामगढ़ पहुंचकर महेंद्र ठाकुर जिला अध्यक्ष लोधी महासभा से मिलकर रानी अवंती बाई के स्मारक स्थल पहुंच मूर्ति के समक्ष नतमस्तक हो कर रानी अवंती बाई अमर रहे के नारे लगाए गए। इसके बाद जिला अध्यक्ष श्री ठाकुर से शौर्य यात्रा के प्रचार प्रसार में चर्चा की गई एवं अधिक से अधिक लोगों को लेकर पहुंचने की अपील की गई। इसके साथ ही रानी अवंती बाई से संबंधित चर्चा की गई। जिस पर महेंद्र ठाकुर द्वारा वर्ष 1987 से जब से शहीद दिवस की प्रारंभिक समय से वर्तमान में शासन प्रशासन द्वारा रानी का ग्रह ग्राम कर्मभूमि रामगढ़ वर्षों से उपेक्षित हैं। जिस संबंध में पत्र के माध्यम से शासन प्रशासन को अवगत कराने की बात कही गई हैं।

# जनगणना 2026 27 के लिए सुपरवाइजर और प्रगणकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**डिंडौरी।** जनगणना वर्ष 2026 27 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकान गणना कार्य हेतु सुपरवाइजर और प्रगणकों के द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 21 अप्रैल से 23 अप्रैल तक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शहपुरा में प्रारंभ हुआ।प्रशिक्षण के पहले दिन एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा ने प्रशिक्षार्थियों को जनगणना कार्य से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रगणक और सुपरवाइजर निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करें और टीम भावना के साथ कार्य करें। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए कार्य के दौरान स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी।

एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा ने प्रशिक्षण अवधि में सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चल रहे स्वगणना अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने पर भी जोर दिया।ग्राम भीमडोंगरी में शत प्रतिशत स्वगणना कार्य पूर्ण होने पर संबंधित पटवारी प्रगणक मोबिलाइजर और ग्रामवासियों के सहयोग की सराहना की गई और अन्य प्रगणकों को भी प्रेरित किया गया।इस दौरान तहसीलदार और जनगणना चार्ज अधिकारी आर पी मार्को ने फील्ड में प्रगणकों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने और सुपरवाइजर द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन सुनिश्चित करने की बात कही।निरीक्षण के दौरान सीएमओ रीना राठौर नायब तहसीलदार बी एस धुर्वे और प्राचार्य डी के श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शासकीय महाविद्यालय अमरपुर के प्राचार्य कक्ष में जड़ा ताला

अमरपुर।

**शासकीय महाविद्यालय अमरपुर के प्राचार्य कक्ष में 21 अप्रैल मंगलवार की शाम लगभग 6 बजे ताला लगाए जाने की सूचना पुलिस चौकी अमरपुर को सहायक प्राध्यापक आशीष मरावी तथा स्टाफ द्वारा दी गई। सूचना पर प्रधान आरक्षक दिनेश कोकड़िया हमराह के साथ अगले दिन दोपहर लगभग 12रू30 बजे महाविद्यालय पहुंचे।**





यहां जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार कर ताला काटकर कक्ष खोला गया और प्राचार्य को कक्ष सौंपा गया।पंचनामा के आधार पर गोकुल ठाकुर और लक्ष्मण परमार द्वारा प्राचार्य कक्ष में ताला लगाए जाने की बात सामने आई है। हालांकि इस संबंध में स्पष्ट कारण नहीं बताया गया। जानकारी के अनुसार पूर्व में भी इन्हीं लोगों के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के छात्रों के साथ अमरपुर साप्ताहिक बाजार के दिन मुख्य मार्ग पर बिना पूर्व सूचना के चकाजाम कर अव्यवस्था फैलाने की घटना हो चुकी है। अब प्राचार्य कक्ष में ताला लगाए जाने से स्थिति और गंभीर हो गई है।बताया जा रहा है कि संबंधित दोनों व्यक्ति अखिल विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्र हैं। अपुष्ट जानकारी के अनुसार दोनों इस ब्लॉक के निवासी नहीं हैं और नए भवन में महाविद्यालय संचालन की मांग को लेकर दबाव बना रहे हैं।

## इनका कहना है

भवन की गुणवत्ता जांच के लिए कमेटी गठित की गई है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर ही भवन का हस्तांतरण किया जाएगा।

**संदीप सिंह**
प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय
अमरपुर

# मिशन शक्ति के तहत अझवार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

डिंडौरी ।



कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंगौर के मार्गदर्शन में संचालित मिशन शक्ति के अंतर्गत ग्राम अझवार में सामुदायिक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वन स्टॉप सेंटर डिंडोरी द्वारा किया गया।पंचायत भवन अझवार में आयोजित कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक सविता धार्वे ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं महिलाओं बालिकाओं एवं पुरुषों को मिशन शक्ति के तहत संचालित संबल और सामर्थ्य योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बाल विवाह के सामाजिक स्वास्थ्य एवं कानूनी दुष्परिणामों की जानकारी दी और इसे गंभीर सामाजिक कुरीति तथा दंडनीय अपराध बताया।वन स्टॉप सेंटर की एडमिनिस्ट्रेटर रितु खांडे ने महिलाओं और बालिकाओं को केंद्र में उपलब्ध सेवाओं की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन 181 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और वन स्टॉप सेंटर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी देकर आवश्यकता पड़ने पर त्वरित सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में महिलाओं और बालिकाओं को बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूक रहने और इसके उन्मूलन में सक्रिय भागीदारी का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक कृष्णा धुर्वे सहित जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# बीआर अम्बेडकर क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न



**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम साम्हर में 17 वर्षो से चली आ रही क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत इस वर्ष भी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसका समापन 22 अप्रैल को हुआ। खिताबी मुकाबले में ग्राम साम्हर के ही दोनों टीम आमने सामने हुए। जिसमें ब्रदर्स टीम को हराकर लीजेंड टीम ने यह मुकाबला 25 रनों से जीतकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में लीजेंड टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 12 ओवरों में 180 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। जिसका पीछा करते हुए ब्रदर्स टीम 155 रनों पर ही ऑल आउट हो गई। लीजेंड टीम की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए प्रवीण मार्को ने शानदार 120 रनों की शतकीय पारी खेली। वहीं पर लक्ष्य का पीछा करते हुए आदित्य बछलहा ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए 73 बनाएं पर अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। फाइनल मुकाबले के अंत में इनाम वितरण कार्यक्रम में विजेता टीम लीजेंड को मुख्य अतिथि आकाश नामदेव के द्वारा 15 हजार नगद राशि एवं शील्ड प्रदान की गई। वहीं पर उपविजेता रही ब्रदर्स टीम को 7 हजार 5 सौ रुपये नगद राशि प्रदान की गई। प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले में शानदार शतकीय पारी खेलने वाले प्रवीण मार्को को मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार दिया गया। वहीं पर पूरे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले आदित्य बछलहा को मैन ऑफ दा सीरीज का पुरुस्कार प्राप्त किया गया। आदित्य ने पूरे प्रतियोगिता में शानदार 266 रन बनाएं एवं 11 विकेट भी चटकाए। समापन कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष आकाश नामदेव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के बताएं हुए रास्ते पर चलते हुए अपना जीवन व्यतीत करें एवं उनके आदर्शों का पालन करें। उक्त कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री राम कुमार वनबासी सहित क्रिकेट प्रेमीदर्शक एवं ग्रामीणजन सैकड़ा की तादात में मौजूद रहे।



# वाटरशेड योजना 2.0 के कार्यों की प्रगति की समीक्षा

**डिंडौरी ।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में वाटरशेड प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2ण्0 के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कंटूर निर्माण खेत तालाब ग्रैबियन संरचना तालाब चेक डेम और स्टॉप डेम सहित विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी ली गई।कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा प्रारंभ होने से पहले सभी निर्माणाधीन कार्य समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कार्यों की प्रगति से संबंधित फोटोग्राफ निर्धारित पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने के निर्देश भी दिए ताकि प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके।बैठक में जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरी वाटरशेड प्रभारी स्टीफन इक्का सहित उपयंत्री सहायक यंत्री और संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अमरपुर में स्वजनगणना के लिए विशेष अभियान तेज



**डिंडौरी।** जिला कलेक्टर एवं जनगणना अधिकारी अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार तथा एसडीएम रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में अमरपुर उपतहसील की नायब तहसीलदार सुरभि सुलाखे द्वारा स्वजनगणना के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक तीन गांवों में शत प्रतिशत स्वजनगणना पूर्ण की जा चुकी है।इसके साथ ही जनपद पंचायत अमरपुर और तहसील मुख्यालय अमरपुर में भी सभी कर्मचारियों की स्वजनगणना कराई गई है। अमरपुर क्षेत्र के अन्य गांवों में भी स्वजनगणना को लेकर सघन अभियान जारी है जिससे जनगणना प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है।नायब तहसीलदार सुरभि सुलाखे ने बताया कि यह अभियान जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और शेष गांवों में जल्द ही शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा। नागरिकों से अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की गई है।

# कृषि आजीविका मिशन में वित्तीय अनियमितता पर सख्त कार्रवाई

**डिंडौरी।कृषि आजीविका मिशन की राशि में गड़बड़ी के मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने जांच उपरांत सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। डिप्टी कलेक्टर एवं शिकायत शाखा प्रभारी वैधनाथ वासनिक के अनुसार समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के आधार पर कलेक्टर ने अपर कलेक्टर के नेतृत्व में जांच दल गठित कर विस्तृत जांच के निर्देश दिए थे।**




तीन सदस्यीय समिति द्वारा की गई जांच में सामने आया कि तत्कालीन प्रभारी जिला प्रबंधक मीना परते एवं प्रभारी जिला प्रबंधक ;कृषिद्ध निशारानी पडवार ने नियमों का उल्लंघन करते हुए बिना सक्षम स्वीकृति के परियोजना में बदलाव कर दिया। जांच में पाया गया कि बैगा विकास परियोजना अंतर्गत 1000 परिवारों को लाभान्वित करने के लिए स्वीकृत श्हॉर्टिकल्चर प्लांटेशन 30×40 मॉडलश योजना में मनमाने तरीके से संशोधन कर अन्य गतिविधियां जैसे धान चक्कीए ऑयल मिलए कस्टम हायरिंग सेंटरए दाल मिलए सिलाई मशीन व अन्य उपकरणों के लिए सीधे कोटेशन लेकर भुगतान किया गया।

यह भी स्पष्ट हुआ कि उक्त अधिकारियों ने जिला मिशन संचालक एवं कलेक्टर की स्वीकृति के बिना ही डीपीआर में संशोधन कर उसे स्वयं अनुमोदित कर दियाए जिससे शासन द्वारा स्वीकृत परियोजना का स्वरूप ही बदल गया।प्राप्त जांच प्रतिवेदन एवं संबंधित अधिकारियों के जवाबों के परीक्षण के बाद मीना परते की संविदा सेवाएं समाप्त करने हेतु प्रस्ताव मुख्य कार्यपालन अधिकारीए मण्प्रण राज्य ग्रामीण आजीविका मिशनए भोपाल को भेजा गया है। वहींए निशारानी पडवार के मामले में उच्च न्यायालय में प्रचलित याचिका के मद्देनजर अंतिम आदेश के अनुपालन में उनकी सेवाएं समाप्त करने की कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया गया है।इसके अलावा विकासखंड स्तर के अधिकारियों एवं सीएलएफ नोडल अधिकारियोंकृशिवमंगल सिंहए नरेन्द्र पाण्डेयए शिवकुमार झारियाए शालिनी चौरसियाए दिनेश कुरूम और नारद सिंह श्याम को कड़ी चेतावनी जारी की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता दोहराए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# किशन कुमार यादव को मिली डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी; पीएचडी की उपाधि



**डिंडौरी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट मण्प्रण द्वारा ज्ञानेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक किशन कुमार यादव को शिक्षा विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी ;पीएचडीद्ध की उपाधि प्रदान की गई हैं। इन्होंने ष्डिंडौरी जिले के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्तर की विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिवृत्ति एवं समायोजन क्षमता का उनकी शैक्षणिक उपलब्धि पर प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययनष शीर्षक पर शोध कार्य शोध प्रबंध डॉण सुनील कुमार जैन के निर्देशन में पूरा किया। ये ग्राम गनवाही पोस्ट अझवार जिला डिंडौरी के निवासी हैं। आप स्वण माखन सिंह यादव व श्रीमति छीता बाई यादव के सुपुत्र हैं। इन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता.पिता एवं परिवार को दिया हैं। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के संचालक विजय शर्माए प्राचार्य डॉण रश्मि गुप्ता सिंहए डॉण रश्मि खम्परिया समस्त महाविद्यालय स्टॉपए धर्मपत्नी श्रीमती सुमन पटेलए बच्चे वेदांश कुमारए वेदिका यादव सहित सगे संबंधियोंए इष्ट मित्रोंए शुभचिंतकों द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बरखेड़ा**
**जनपद पंचायत शहपुरा डिंडोरी**

क्र./ग्रा.पंचा/ले.नि./2026/04
दिनांक 10/04/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय ग्राम पंचायत बरखेडा जनपद पंचायत शहपुरा जिला डिंडोरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2026 - 2027 में निर्माण कार्यो हेतु सेवा प्रदाताओं से निर्माण कार्य सामग्री सप्लाई करने के लिए निविदा आमंत्रित की सूचना दी जाती है। अतः ग्राम पंचायत बरखेड़ा एवं अन्य क्षेत्रीय निर्माण कार्य सेवा प्रदाताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25/04/2026 से दिनांक 30/04/2026 समय शाम 4.30 PM तक कार्यालय ग्राम पंचायत बरखेड़ा में अपनी कोटेशन सेवा कर GST (जो चालू / लागू हो) लिफाफे में जमा कर सकते है ।

स्थान - बरखेड़ा
दिनांक 10/04/2026

**आदेशानुसार**
**सरपंच/सचिव, ग्राम पंचायत बरखेड़ा**
**जनपद पंचायत शहपुरा**

## नि शुल्क जेईई कोचिंग से 83 बच्चों ने पाई सफलता

# कलेक्टर ने माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर दी बधाई

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने विशेष प्रयास किया था कि शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बारहवीं के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बाहर न जाना पड़े। इस उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से पीएम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में जे.ई.ई की निशुल्क कोचिंग प्रारंभ किया गया। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के नेतृत्व एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा के मार्गदर्शन में 12 मार्च से प्रारंभ हुई इस निशुल्क कोचिंग में जिले के समस्त हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों के द्वारा ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म भरवाने और विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया गया।

### कलेक्टर ने किया सम्मान

जिला मुख्यालय आने वाले विद्यार्थियों के लिए निरूशुल्क भोजन एवं आवास उपलब्ध कराए गए। निरूशुल्क कोचिंग के माध्यम से मात्र 18 से 20 दिनों की अल्प अवधि में निरूशुल्क शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराकर 93 छात्र-छात्राओं को उचित मार्गदर्शन दिया गया। निरूशुल्क कोचिंग के माध्यम से 83 विद्यार्थियों के जे.ई.ई. मेन्स 2026 के परिणाम आए, जिन्होंने सफलता अर्जित कर जिले को गौरवान्वित किया। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सफल विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके प्राप्तांक, पसंदीदा कॉलेज एवं विषय के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी और मोटिवेशन बुक देकर उनको सम्मानित किया।



कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को एक प्लेटफार्म मिला, जिससे प्रेरित होकर विद्यार्थियों में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए आत्मविश्वास बढ़ा। उन्होंने कम समय में उत्कृष्ट परिणाम देने पर जिला शिक्षा अधिकारी सहित निरूशुल्क कोचिंग की पूरी टीम को बधाई दी।

### मार्गदर्शन का अवसर जरूरी

उन्होंने कहा कि शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को सही दिशा, मार्गदर्शन और अवसर मिले तो वे भी किसी से कम नहीं हैं। यह सफलता टीमवर्क, शिक्षकों की प्रतिबद्धता और विद्यार्थियों की मेहनत का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा, डाइट प्राचार्य एवं निशुल्क कोचिंग नोडल अधिकारी राजीव किशोर श्रीवास्तव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिद्धांत



बागड़े, ब्रजेश शर्मा, प्राचार्य प्रीति नेमा, श्रीमती सीमा दीक्षित, श्रीमती शुभावना पांडे, श्रीमती माया पटेल, निशा मिश्रा सहित निशुल्क जेईई कोचिंग के समस्त शिक्षक और विद्यार्थियों के अभिभावक मौजूद थे।

### छात्राओं ने फहराया परचम

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा संचालित वर्ष 2026 की कक्षा दसवीं एवं कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने पूरे जिले में अपना परचम फहराया है कक्षा बारहवीं में अधिकांश छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई है कक्षा 12वीं की कॉमर्स संकाय की छात्रा कुमारी स्नेहा शरद साहू ने 94.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया साथ ही कला संकाय की छात्रा हेमलता कोरी ने भी 93.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं जिले की



प्रवीण सूची में अपना स्थान बनाया इसी प्रकार कक्षा दसवीं में कुमारी आकांक्षा मेहरा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 99.12 प्रतिशत एवं कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 98.2 प्रतिशत रहा इस प्रकार दोनों ही कक्षाओं के परीक्षा परिणाम श्रेष्ठतम रहे इस उपलब्धि के लिए संस्था की प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा ने संपूर्ण शाला परिवार एवं शिक्षकों को बधाई दी और उनके सहयोग और सामंजस्य और शैक्षणिक कार्यों के लिए किया जा रहे नवाचारों की सराहना की। साथ ही छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मेधावी छात्राओं का सम्मान किया गया।

## साधारण सभा की बैठक 2 को

**हरिभूमि न्यूज** - नरसिंहपुर। जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक आगामी 2 मई को दोपहर 2:30 बजे से जिला पंचायत नरसिहपुर के सरदार वल्लभ भाई पटैल सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश ने सभी संबंधितों से बैठक में उपस्थिति के लिए कहा है। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, विद्युत विभाग, वन विभाग, समस्त निर्माण विभाग जैसे लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नरसिंहपुर व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, स्कूल शिक्षा विभाग और अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों से संबंधित समीक्षा एवं चर्चा की जाएगी।

## दोपहर 12 बजे तक संचालित होगी आंगनवाड़ी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के महिला एवं बाल विकास के द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में ग्रीष्म ऋतु को मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने आगामी आदेश तक आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों के लिए समय निर्धारित करने का आदेश जारी किया है। आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों के लिए प्रातरू 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्र में समय सारणी के अनुसार गतिविधियों का संचालन किया जाएगा।

## बेल शरबत एवं सत्तू का किया वितरण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** वैशाख माह की भीषण गर्मी एवं तपन के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से लीनेस वीरांगना क्लब द्वारा लक्ष्मी मंदिर, नगरपालिका चैक पर बेल शरबत एवं सत्तू का वितरण किया गया। नगर के प्रमुख आवागमन स्थल पर आयोजित इस सेवा कार्य से बड़ी संख्या में राहगीरों ने लाभ उठाया और क्लब की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की गई। यह सेवा कार्यक्रम एरिया ऑफिसर ली. रूपकला कटारे एवं अध्यक्ष ली. पूनम जैन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर माइक्रो चेयरपर्सन ली. सविता महोबिया की सक्रियता, समर्पण एवं सेवा भाव विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम में एरिया ऑफिसर ली. रूपकला कटारे, अध्यक्ष पूनम जैन, सचिव रजनी राजोरिया, माइक्रो चेयरपर्सन सविता महोबिया एवं शोभा पाल, सदस्य रजनी सिंघई, नीता राय, रेनू नौरिया, माधुरी यादव एवं अनीता मेहरा सहित बड़ी संख्या में सदस्याएं उपस्थित रहीं।



## कलेक्टर के नाम सौंपा आभार एवं कृतज्ञता पत्र

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आने वाले पात्र हितग्राहियों एवं जरूरतमंद नागरिकों को शासन की योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। जिले के नागरिक अपनी विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए जनसुनवाई में आते हैं। कलेक्टर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा आवेदकों की समस्याएं सुनकर उनका तत्परता से निराकरण किया जाता है। कलेक्टर के द्वारा जिन आवेदन पत्रों का निराकरण मौके पर नहीं किया जाता है, तो उन आवेदनों का निराकरण तय समय सीमा में करने के निर्देश दिए जाते हैं। जनसुनवाई में ऐसा ही वाक्या देखने को मिला। जिले के ग्राम बरांझ निवासी इंद्रकुमार दुबे के मानसिक रूप से दिव्यांग पुत्र अपूर्व दुबे के उपचार के लिए कलेक्टर को आवेदन देकर अपनी समस्या बताई थी। कलेक्टर ने आवेदक श्री दुबे की समस्या को गंभीरता पूर्वक सुना। कलेक्टर के द्वारा उनके पुत्र अपूर्व दुबे के उपचार के लिए आदेश व निर्देश जारी किए गए थे, जिनका विधिवत पालन सुनिश्चित किया गया। मानवीय दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप इंद्रकुमार दुबे के पुत्र अपूर्व दुबे के उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया और विशेषज्ञों के देखरेख में उनके पुत्र का उपचार प्रारंभ हो चुका है। इसके लिए श्री दुबे कहते हैं कि एक निर्धन एवं वृद्ध पिता के लिए प्रशासन का यह सहयोग किसी वरदान से कम नहीं है। समय पर मिली इस सहायता से उनके पुत्र को नया जीवन मिलेगा और उनका परिवार सुरक्षित महसूस करेगा।

## विश्व वसुंधरा दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस 22 अप्रैल विश्व वसुंधरा दिवस के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में ईको क्लब ईकाई के द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हमारी शक्ति, हमारा ग्रह विषय पर किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 09 से 12 तक के 50 छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता प्रदान की। प्रतियोगिता में प्रथम अक्षत तिवारी कक्षा 09, द्वितीय स्थान मानवी मेहरा कक्षा 10 तथा तृतीय स्थान पलक मेहरा कक्षा 09 से प्राप्त किया। संस्था प्राचार्य जी.एस. पटैल द्वारा समस्त प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रदूषण रोकथाम में बच्चों की भूमिका, प्लास्टिक का कम उपयोग करने तथा जीव जन्तुओं एवं वनस्पतियों को प्राकृतिक वातारण देने में योगदान सूनिश्चित किया जाने हेतु प्रोत्साहित किया।



तत्पश्चात डॉ. अशोक उदेनिया द्वारा छात्र-छात्राओं को अपने दैनिक जीवन में आस-पास स्वच्छता तथा पानी बचाने हेतु संकल्पित होने हेतु सुझाव दिया। तत्पश्चात पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी के रूप में पक्षियों को जल उपलब्ध कराने हेतु जल पात्र सकोरे लटकाए गये साथ ही समस्त उपस्थित छात्र-छात्राओं व अभिभावकों से अपने घर एवं परिसर में पक्षियों हेतु जल की व्यवस्था करने हेतु अनुरोध किया। इस अवसर पर विद्यालय ईको क्लब प्रभारी श्रीमती सुनीता सोनी उ.मा.शि., आर.एन.रावत उ.मा.शि., नवीन दुबे उ.मा.शि., श्रीमती रूचि चैबे उ.मा.शि. सहित समस्त विद्यालय स्टॉफ व उपस्थित अभिभावकों ने इस अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया।

## कृषकों से पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** परियोजना संचालक (आत्मा) नरसिंहपुर ने जिले के सभी कृषकों को सूचित किया है कि कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम (आत्मा परियोजना) के तहत वर्ष 2025-26 की गतिविधियों के आधार पर कृषक पुरूस्कार के लिए कृषकों के द्वारा अपनाई गई कृषि तकनीकी, उपज एवं उत्पादकता के आधार पर इच्छुक कृषक अपना आवेदन 15 मई 2026 तक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर जिले के प्रत्येक विकासखंड से पांच विभिन्न गतिविधियों में एक-एक कृषक को 10 हजार रुपये और जिले में पांच विभिन्न गतिविधियों में दो-दो कृषकों को 25 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## कृषि विभाग ने किसानों को जल संरचना निर्माण की दी जानकारी



**गोटेगांव।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा गांव-गांव में किसानों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कृषि विस्तार अधिकारी डी.पी. मेहरा एवं तरुण यादव ने बगासपुर ग्राम पंचायत के बरुआ टोला में किसानों के साथ बैठक की।बैठक में किसानों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताया गया तथा उनके खेतों का निरीक्षण कर जल संरचना निर्माण की विधियां समझाई गईं। किसानों ने डगवेल रिचार्ज योजना अपनाने का निर्णय लिया।कृषि विभाग द्वारा किसानों को बोरी बंधान, चेकडैम, कंटूर ट्रेंच, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और सोक पिट जैसी संरचनाएं बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## जर्जर नहर से किसानों को भारी नुकसान, खेतों तक नहीं पहुंच रहा पानी



**गोटेगांव।**

सरकार द्वारा रानी अवंती बाई परियोजना अंतर्गत नहरों के मरम्मत और साफ-सफाई के लिए हर वर्ष लाखों-करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते इनका सही उपयोग नहीं हो पा रहा है। परिणामस्वरूप क्षेत्र की माइनर और सब माइनर नहरें जर्जर हालत में पहुंच गई हैं।क्षेत्र की सिमरी बड़ी सब माइनर नहर देखरेख के अभाव में कबाड़ में तब्दील होती जा रही है। समय पर सफाई और मरम्मत नहीं होने से नहर कई स्थानों से टूट चुकी है, जिससे पानी का बहाव पूरी तरह बाधित हो गया है।इसका सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। खेतों तक पानी नहीं पहुंचने से फसलें सूखने की कगार पर हैं। किसानों का कहना है कि उन्हें अब महंगे वैकल्पिक साधनों से सिंचाई करनी पड़ रही है, जिससे लागत बढ़ गई है।वर्षों से उपेक्षा का शिकार इस नहर के कारण सिंचाई व्यवस्था ठप हो गई है। किसानों ने प्रशासन से जल्द नहर की सफाई और मरम्मत कराने की मांग की है।

## गोटेगांव-कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ने सौंपा ज्ञापन



**गोटेगांव।** मध्य प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष राजेश चौकसे पूर्व पार्षद के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर को ज्ञापन सोंपा। मामला प्रदेश के शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा करेली में दिए गए बयान से जुड़ा है। मंत्री जी के बयान से आहत मध्य प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष एवं गोटेगांव नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में एक 'विशाल' दल पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपने नरसिंहपुर पहुंचा। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा करेली में सामूहिक विवाह आयोजन के दौरान महिलाओं के सम्बन्ध में अपमानजनक बातें कही गई है जिससे महिलाओं की सम्मान को ठेस लगी है और इसलिए प्रदेश के शिक्षा मंत्री पर एफआईआर दर्ज की जाएं।ज्ञापन सौंपने वालों में कैलाश रजक मंडल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ,बिहारी चांदोरिया पूर्व पार्षद, मयंक, राजू, दीपक, गोली सहित अन्य महिलाएं शामिल रही।कुल जमा 15- 20 लोगों की इस 'पलटन' ने जिस हिम्मत के साथ ज्ञापन सौंपा, उसकी दाद देनी होगी। इन मुट्ठी भर कार्यकर्ताओं के जज्बे को सलाम है कि उन्होंने पूरी विधानसभा का बोझ अकेले अपने कंधों पर उठा लिया। इन 15 - 20 'शूरवीरों' ने यह तो साबित कर दिया कि गोटेगांव कांग्रेस में अब भी कुछ लोग जीवित हैं, भले ही बाकी संगठन कुंभकर्णी नींद में सोया हो।

## जहां तहां से मुंह फाड़ने लगी तेंदूखेड़ा बरमान सड़क





**तेंदूखेड़ा**

विगत 5 वर्ष पूर्व डोभी इमझिरा होकर तेंदूखेड़ा से चांवरपाठा एन एच 44 तक लगभग 33करोड की लागत से सीमेंट सड़क का निर्माण किया गया था। जिसके उचित रख रखाव की जिम्मेदारी भी संबंधित ठेकेदार की थी लेकिन लोक निर्माण विभाग की अनदेखी के कारण उक्त सड़क मार्ग पर बीचों बीच लगभग जगह जगह से बड़ी बड़ी दरारें आने लगीं हैं।परिणाम स्वरूप दो पहिया वाहन चालकों को आवाजाही करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।जिससे कभी भी उक्त दरारों में बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती हैं। दरारों में बाइक चालकों के चाक घुसने की अशंका बनीं रहती है।ज्ञात हो कि क्षेत्र वासियों द्वारा निर्माण के दौरान ठेकेदार से सहानुभूति पूर्वक कहा भी गया था कि बड़ी मुश्किल से सड़क का निर्माण हो रहा है।इसे गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्माण करें। लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग के तत्कालीन अधिकारियों की मिली भगत और हीला हवाली के चलते गुणवत्ता को ताक पर रख कर सड़क का निर्माण किया गया है। सड़क मार्ग पर जगह जगह से रोड के बीचों बीच से भी दरारें दिखने लगी है। स्थानीय सजग युवा राहुल पाठक का कहना है कि जगह-जगह मार्ग में दरारें निकल आई हैं जिससे आगे चल कर सड़क मार्ग और भी क्षतिग्रस्त होती चली जाएगी यदि समय रहते मार्ग पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में और कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क मार्ग पर डोभी और इमझिरा के समीप लोगों ने अपनी सुविधानुसार और पानी के लिए डाली जा रही पाइप लाइन डालने सड़क खोदकर डाल दी गई है।जो भविष्य में मुसीबत का कारण बन सकती है। सड़क मार्ग पर पांडाझिर नदी और बरांझ नदी पर बने पुल की निचाई कम होने के कारण बरसात में बाढ़ का पानी पुल के ऊपर से हो जाने के कारण बरसात मैं सड़क आवागमन बंद हो जाता है। निचले स्तरों में बने मकानों में भी जलभराव हो जाता है। जिला प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग अधिकारियों से ग्रामीणों ने मांग की है कि बरसात पूर्व ही कुछ वैकल्पिक व्यवस्था कराई जानी चाहिए।इन दोनों पुलों की ऊंचाई बढ़ाने के लिए भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा सेतु निगम के अधिकारियों को पत्राचार किया गया था लेकिन आज तक इस दिशा में कोई उचित पहल नहीं हुई है।

## वनभूमि पर कब्जा करने वालों को सजा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राकेश सनोडिया ने वन विभाग की भूमि पर कब्जा करने वाले आरोपियों कल्याण सिंह गौंड उम्र 43 साल, राजेश ठाकुर उम्र 35 साल, भाईलाल ठाकुर उम्र 34 साल, मुकेश ठाकुर उम्र 43 साल सभी निवासी ग्राम सुकरी, थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर को पृथक पृथक सभी आरोपियों को धारा-33 (1) भा.वन अधि. में 1-1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10-10 हजार रूपये के अर्थदंड दंडित किया है। वन परिक्षेत्र गोटेगांव के अधीनस्थ कर्मचारी कुण्डा बीट में गश्ती कर रहे थे, तब कक्ष क्रमांक पी-9 में उन्होंने देखा कि वनभूमि के अंदर कुछ व्यक्ति बखर चलाकर अतिक्रमण का प्रयास कर रहे हैं, वन कर्मचारियों द्वारा उन व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपने नाम क्रमशः कल्याण पिता झुम्मक गौंड, भाईलाल पिता श्रीराम गौंड, राजेश पिता नारायण गौंड़, मुकेश पिता अच्छेलाल गांड सभी साकिन सुकरी, थाना गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) का होना बताया, जिनसे जमीन के पट्टा आदि दस्तावेज के बारे में पूछताछ की गई, उनके पास कोई वैधानिक दस्तावेज पट्टा अभिलेख आदि नहीं होना बताया। तब मौके पर जप्तीनामा एवं पंचनामा तैयार कर विधिवत कार्यवाही की गई और आरोपीगण के विरूद्ध वन अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय छत्तरपुर

## जल संरक्षण को लेकर बच्चों में जागरूकता और दिलाई जा रही शपथ



**तेंदूखेड़ा।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय छत्तरपुर में विश्व पृथ्वी दिवस पर जल एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर विद्यार्थियों को जल बचाने उसके सदुपयोग की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा जल संकट की गंभीरता से अवगत कराना रहा। विद्यार्थियों को बताया गया कि जल जीवन का आधार है और इसके बिना मानव जीवन की कल्पना संभव नहीं है। वर्तमान समय में लगातार घटते जल स्तर और बढ़ते प्रदूषण के कारण जल संकट गहराता जा रहा है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह जल का संरक्षण करे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे। आज की छोटी-छोटी बचत ही भविष्य में बड़े बदलाव ला सकती है। यदि हम अभी से जल संरक्षण के प्रति सजग नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।सभी शिक्षकों ने छात्रों को जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए दैनिक जीवन में जल बचाने के सरल उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने जल की एक-एक बूंद को बचाने अनावश्यक जल व्यर्थ न करने तथा समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।



## विश्व पृथ्वी दिवस पर हुये विविध आयोजन

**तेंदूखेड़ा**

विगत दिवस विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर शासकीय विद्यालय इमझिरा में नर्मदा ईको क्लब द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता एवं शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण जल बचाओ एवं पेड़ लगाओ जैसे विषयों पर आकर्षक एवं संदेशपूर्ण चित्र बनाकर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण की श्रीमती सुनीता काछी द्वारा शपथ दिलाई गई।विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी एवं जागरूकता विकसित करने की दिशा में सराहनीय प्रयास रहा। चित्रकला प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई एवं पृथ्वी को स्वच्छ सुरक्षित एवं हरित बनाने का संकल्प लिया गया।इस मौके पर विद्यालय परिवार तथा ईको क्लब प्रभारी राकेश पटेल मुख्य भूमिका रही।